टीकमगढ़

नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026

एक नजर में

नपा ने चलाया विशेष सफाई अभियान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा गत दिवस स्वच्छता सर्वेक्षण-अंतर्गत नाली सफ़ाई अभियान के तहत शहर भ्रमण के दौरान इंद्रा कॉलोनी वार्ड नं 17 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 600 मीटर नाली की सफाई करायी गई एवं कचरा तत्काल उठबाया गया तथा वार्डवासियों को समझाईश दी गई कि अपने आस-पास सफाई बनाए रखें कचरा बाहर न फैंके, कचरा गाड़ी में ही डालें। वार्ड वासियों की पेयजल समस्याओं का तत्काल निराकरण किया।

इसी प्रकार नगर के वार्ड 8 और 9 जेठा चौराहे से छोटी देवी जी मंदिर तक की लगभग 300 मीटर एवं प्रधानपूरा जुली की दुकान से खरे जी के मकान तक की लगभग 300 मीटर, वार्ड 13 में लगभग 250 मीटर, वार्ड 5 भाटा गोदाम से पटैरिया जी के घर से लेकर काठल के घर तक की लगभग 200 मीटर तथा वार्ड 21 नूरी किराना स्टोर मऊचुंगी की लगभग 300 मीटर नाली की सफाई करायी गई। वार्ड 27 में ख्वाजा नगर कालोनी में जेसीबी से नाला की सफाई करायी गई। इसके साथ ही इंद्रा कॉलोनी में जलकर की टीम द्वारा 12 अवैध कनेक्शन काटे गए।

184 मकानों को नोटिस, 24 घंटे में मांगे दस्तावेज

तालाब की भूमि पर अनाधिकृत मकान बनाने का मामला

तहसीलदार के पत्र पर नगरपालिका ने दिए नोटिस

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

सैल सागर तालाब पर बने अवैध मकानों के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नगर पालिका ने 184 मकानों को नोटिस जारी किए। नगर पालिका का कहना है कि इन मकान मालिकों को 24 घंटे का समय दिया गया है। इस नोटिस जारी कार्यवाही में देखने वाली अहम बात यह रही कि यह नोटिस रात के अंधेरे में मकान मालिकों को दिए गए।

दरअसल जिस आधार पर यह नोटिस जारी किए गए हैं। उसका कारण भी सामने आ गया है। बीती 12 मार्च 2026 को एक पत्र अनुविभागीय अधिकारी टीकमगढ़ ने सैल सागर तालाब का सीमांकन उपरांत अतिक्रमण सर्वे सूची के संबंध में एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में अनुविभागीय अधिकारी संस्कृति लिटौरिया ने 16 सदस्यीय दल नियुक्त किया था। इस दल ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी, जिसमें यह पाया गया था कि यहां तालाब की भूमि पर अनाधिकृत निर्माण किया गया है। इसके लिए सर्वे टीम ने कुल 184 नामों को चिह्नित कर पूरी रिपोर्ट अधिकारियों के पास भेजी थी। इसी आधार पर तहसीलदार ने 21 अप्रैल 2026 को एक पत्र नगर पालिका अधिकारी को भेजा। जिसमें बताया गया कि नगरीय क्षेत्र स्थित सैल सागर तालाब टीकमगढ़ पर गठित दल द्वारा सर्वे किया गया। जिसमें 184 की सूची प्राप्त हुई है। जिनमें तालाब मद की भूमि पर पक्का/कच्चा अनाधिकृत निर्माण किया है। उक्त तालाब नगरीय क्षेत्र में आता है, जिसके चलते सर्वे दल द्वारा प्राप्त तालाब की भूमि पर अनाधिकृत निर्माण किए जाने से संबंधितों के विरुद्ध नपा अधिनियम के तहत कार्यवाही की बात कही।

ज्ञात रहे कि शहर के बीच स्थित सैल सागर तालाब से जुड़ा है, जिसका निर्माण राजशाही दौर में हुआ था। लंबे समय से इस तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं, और कई लोगों ने तो तालाब के अंदर ही मकान बना लिए हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने इस पर संज्ञान लिया। शिकायतों के मद्देनजर कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने तहसीलदार और नगर पालिका की टीम को तालाब का सीमांकन करने के निर्देश दिए थे। करीब एक महीने पहले एसडीएम के आदेश पर तालाब का सीमांकन कराया था। सीमांकन के दौरान 184 स्थानों पर अवैध कब्जा पाया गया, जिसकी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई थी। अब इसी सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका ने अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की है। मंगलवार देर रात नगर पालिका के कर्मचारी सेल सागर तालाब पहुंचे और मोबाइल टॉर्च के सहारे चिन्हित लोगों को नोटिस थमाए। नोटिस में सभी से अपने निर्माण के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सेल सागर तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर नगर पालिका की टीम ने मंगलवार देर रात कार्रवाई की। इस कार्यवाही पर लोगों ने यह सवाल खड़े किए है कि ऐसा अचानक क्या हुआ कि नगर पालिका का अमला देर रात सोते समय लोगों को जगा-जगा कर नोटिस दे रहा था। देर रात जारी नोटिस के कारण कार्यवाही पर अब कई सवाल खड़े हुए हैं।

अगर चला बुल्डोजर, तो 920 लोग होंगे बेघर

नगर पालिका ने 24 घंटे के अंदर पक्के और कच्चे मकान मालिकों से उनके द्वारा निर्माण किए गए मकानों के दस्तावेजों को नगर पालिका में प्रस्तुत करने का नोटिस दिया है। अगर यह पूरे 184 लोग नोटिस के आधार पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे, तो निश्चित ही नियम के अनुसार यहां अतिक्रमण मुहिम चलेगी और ऐसा होने पर 184 परिवारों के कुल 920 के लगभग लोग बेघर होने के लिए मजबूर होंगे। अब ऐसी स्थिति में प्रशासन आगे क्या कदम उठाएगा यह देखने वाली बात होगी। हालांकि अभी जारी किए नोटिस से इस इलाके में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। हर किसी को डर सता रहा है कि कहीं उनका मकान न गिर जाए।

मकान मालिकों को 24 घंटे में देना पड़ेंगे कागज

इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर के पत्र के बाद नोटिस की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। अभी यहां रहने वाले लोगों को नोटिस जारी कर उनके मकानों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है। मंगलवार को जारी नोटिस में 24 घंटे का समय दिया गया है। कार्यवाही के पहले लोगों का पक्ष सुनना भी जरूरी है।

विद्युत रख-रखाव के चलते बिजली रहेगी बाधित

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

विद्युत विभाग ने बुधवार को 33/11 ढोंगा उप केंद्र में आवश्यक रखरखाव कार्य की घोषणा की है। इस कार्य के कारण शहर के कई इलाकों में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में सूचना जारी की। रखरखाव कार्य के तहत 3.15 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर पर लोड शिफ्टिंग का काम किया जाएगा।

इन मेंटेनेंस गतिविधियों के कारण संबंधित सब स्टेशन अस्थायी रूप से बंद रहेगा, जिससे निर्धारित समय अवधि में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इस दौरान 11 केवी के नूतन विहार, ढोंगा, राजमहल और कलेक्ट्रेट डिवीजन फीडर से जुड़े क्षेत्र प्रभावित होंगे।प्रभावित होने वाले प्रमुख क्षेत्रों में नूतन विहार कॉलोनी, खुशीपुरा, सुंदर पटेल के खेत तक का इलाका, हरियाली वेयर हाउस, माइक्रोवेव, बीएसएनएल, ढोंगा, पॉलिटेक्निक कॉलेज, लोटा फैक्ट्री, प्रेरणा फूड, बुंदेलखंड, राजपल्सेस, केयामगाह, विजय कड़ा, नरैया मोहल्ला, राजमहल, ढोंगा बड़ी मंडी, मंडी कॉलोनी, कुंवरपुरा, डिवीजन, शिव शक्ति कॉलोनी, विनोद कुंज, संगम गार्डन, रेलवे स्टेशन और इसके आसपास के सभी संबंधित क्षेत्र शामिल हैं।

उपभोक्ता किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए 1912 या 9425424872 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्य की प्रगति के अनुसार शटडाउन की समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

पेड़ से बांधकर मारपीट के मामले में कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कुडीला थाना क्षेत्र के ग्राम बार से एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति को पहले नीम के पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा गया और इसके बाद वह रहस्यमयी तरीके से वह लापता हो गया। पीड़िता ने अपने ही ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर मारपीट और गायब करने का आरोप लगाया है।

ग्राम बार निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि वह मजदूरी के सिलसिले में दिल्ली में रह रही थी। इसी दौरान उसकी जेठानी ने सूचना दी कि उसका पति मिहीलाल सुबह से घर नहीं लौटा है। सूचना मिलते ही महिला तुरंत अपने गांव पहुंची और पति की तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसने थाना कुडीला में गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले ने उस वक्त गंभीर मोड़ ले लिया,जब पीड़िता ने बताया कि गांव के ही लालले यादव, घंशू रैकवार और मुकेश चढ़ार ने महिला को बताया कि 15 अप्रैल की रात करीब 12 बजे मिहीलाल को उसके पिता रामजी चढ़ार, भाई भागीरथ चढ़ार, भगवानदास चढ़ार और भाभी

ममता व लकी चढ़ार ने घर के सामने नीम के पेड़ से बांधकर जमकर मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शोर सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्होंने किसी तरह मिहीलाल को छुड़ाया, लेकिन डर के कारण वह बंधे हाथों के साथ ही खेत की ओर भाग गया। आरोप है कि उसके पीछे-पीछे सभी आरोपी उसे मारने के इरादे से दौड़े। इसके बाद से उसका पता नहीं चल सका है।

वेबसाइट का शुभारंभ

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर पालिका परिषद के अतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संबालित सिटी लाइवलीहुड सेंटर , जिसे संस्था इमैजिन ग्रुप द्वारा संचालित किया जा रहा है, द्वारा आज एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत वेबसाइट का शुभारंभ किया गया।

इस वेबसाइट के माध्यम से शहर के नागरिकों को डे-एनयूएलएम अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं रोजगार अवसरों की समस्त जानकारी दी।

शादी समारोह में सामूहिक दुष्कर्म का मामला आया सामने

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

लिधौरा थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। 26 अप्रैल की रात एक शादी समारोह के दौरान हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार शादी समारोह के बीच कुछ युवक नाबालिग को बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले गए। आरोप है कि वहां आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह परिजनों तक पहुंची और पूरी आपबीती सुनाई। परिजन अगले दिन 27 अप्रैल को थाना लिधौरा पहुंचे और लिखित शिकायत दी। पीड़ित परिवार 28 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। जहां मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पीड़िता को महिला थाना भेजा गया। इसके बाद कार्यवाही के लिए पीड़िता को लिधौरा थाने ले गए। जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। जतारा अभिषेक गौतम ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है, जिनमें प्रथम दृष्टया आरोपी नाबालिग भी बताए जा रहे हैं। जिसकी जांच की जा रही हैं। लिधौरा थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। 26 अप्रैल की रात एक शादी समारोह के दौरान हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। नाबालिग के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़ितों की शिकायतों का किया निराकरण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 98 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, विभिन्न आवेदन पर सुनवाई हुई।

भरोसा मिलते ही समाजसेवी की हड़ताल खत्म

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

दिगौड़ा ग्राम पंचायत में डेढ़ महीने से बंद नल-जल योजना को शुरू कराने की मांग को लेकर समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर की भूख हड़ताल मंगलवार रात को खत्म हो गई। अधिकारियों ने बुधवार दोपहर 12 बजे तक पानी की सप्लाई शुरू करने का लिखित भरोसा दिया, जिसके बाद पस्तोर ने जूस पीकर अपना अनशन तोड़ा।

दिगौड़ा कस्बे में पिछले डेढ़ महीने से नल-जल योजना ठप पड़ी है। भीषण गर्मी में पानी न मिलने से ग्रामीण बेहद परेशान थे। इसी समस्या को लेकर रमाशंकर पस्तोर मंगलवार दोपहर से बस स्टैंड पर भूख हड़ताल और धरने पर बैठ गए थे।रात करीब 8 बजे तहसीलदार प्राची जैन, थाना प्रभारी मनीष मिश्रा और पीएचई विभाग के एसडीओ हर्ष राय मौके पर पहुंचे। उन्होंने समाजसेवी से

चर्चा की और बुधवार दोपहर तक योजना चालू करने का लिखित आश्वासन दिया। रमाशंकर पस्तोर ने बताया कि ग्रामीणों ने 1 अप्रैल और 22 अप्रैल को एसडीएम को ज्ञापन दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद 24 अप्रैल को कलेक्टर को सूचना देकर चेतावनी दी गई थी कि अगर 27 अप्रैल तक पानी शुरू नहीं हुआ, तो वे 28 अप्रैल से भूख हड़ताल करेंगे। इस अनशन में समाजसेवी के साथ जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल अहिरवार, डॉ. विष्णु राय, प्रेमनारायण लुहारिया, रवि सोनकिया, मनोज सेन, त्रिलोक त्रिपाठी, ताजुद्दीन खान और कई अन्य ग्रामीण भी साथ बैठे थे। ग्राम पंचायत में डेढ़ महीने से बंद नल-जल योजना को शुरू कराने की मांग को लेकर समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर की भूख हड़ताल मंगलवार रात को खत्म हो गई।

कुंडेश्वर के सिद्ध बाबा मंदिर पर भागवत कथा शुरू

सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में लिया भाग

कथा व्यास ने भक्तों को सुनाई भगवान की लीला

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर स्थित श्री सिद्ध बाबा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ निकलीं। यह यात्रा कथा स्थल से भोले बाबा शिवधाम कुंडेश्वर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद कलश यात्रा प्राचीन कुंड पर पहुंची, जहां पूजन के बाद कलशों में जल भरा गया। वापस कथा स्थल

पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कलश स्थापना की गई। कथा व्यास पंडित श्री हरिओम द्विवेदी शास्त्री ने बताया कि कलश यात्रा केवल एक जुलूस नहीं, बल्कि यह देवताओं के आह्वान और वातावरण की शुद्धि का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी बताया कि कलश के मुख में भगवान विष्णु, कंठ में शिव और मूल में ब्रह्मा का वास होता है। इसमें 33 कोटि देवताओं और सभी तीर्थों का वास भी माना जाता है। पंडित श्री हरिओम द्विवेदी शास्त्री ने ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र के साथ कथा प्रारंभ की, जिसे आत्मा और परमात्मा के बीच का सेतु माना जाता है। उन्होंने कहा कि कलश धारण करने वाले भक्तों की आत्मा पवित्र और निर्मल हो जाती है। व्यास के अनुसार, भागवत कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा में नारद मोह, भक्ति के कष्टों के निवारण और धुंधकारी प्रसंग सुनाए जाएंगे। धुंधकारी जैसे पापी व्यक्ति के उद्धार की कथा अक्सर भागवत की भक्ति के प्रभाव को दर्शाने के लिए सुनाई जाती है। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य यजमान भानकुवर नेपाल सिंह द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर गोविंद सिंह, नेपाल सिंह, कमल सिंह, गुलाब सिंह, गोपाल सिंह, पाल सिंह, जसवंत सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, जय सिंह, हर प्रसाद यादव, शिवम द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर स्थित श्री सिद्ध बाबा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ निकलीं।

शुभारंभ नपा ने शुरू किया नाले का निर्माण कार्य

सुभाषपुरम कॉलोनी के रहवासियों को मिलेगी जल भराव से निजात

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर के वार्ड नंबर 18 स्थित सुभाषपुरम कॉलोनी में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए अंडरग्राउंड नाले का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बुधवार को नाले के लिए पाइप मौके पर पहुंचाए गए। इससे पहले कॉलोनी की सीसी रोड की खुदाई की जा चुकी है।

सुभाषपुरम कॉलोनी में हर बारिश के मौसम में सड़कों पर पानी भर जाता है। पुलिस लाइन क्षेत्र से आने वाले पानी की निकासी का कोई पक्का इंतजाम नहीं थाए जिसके कारण कॉलोनी की मुख्य सड़क सहित कई हिस्सों में पानी जमा हो जाता था। इससे लोगों को आने.जाने में दिक्कत होती थी। स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतों के बाद करीब एक साल पहले अंडरग्राउंड नाले

के लिए भूमि पूजन किया गया था। अब जाकर इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ है। नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर करीब 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाले के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई जाएगी। सीएमओ के अनुसारए पहले सड़क की खुदाई कर पाइपलाइन डाली जाएगी और उसके बाद सड़क की मरम्मत की जाएगी। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि काम बारिश के मौसम से पहले पूरा किया जाएए ताकि इस साल कॉलोनी के लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। बुधवार को नाले के निर्माण के लिए आवश्यक बड़े पाइप मौके पर पहुंचा दिए गए। इससे पहले निर्माण कार्य के तहत कॉलोनी की सीसी रोड की खुदाई की जा चुकी है, ताकि पाइपलाइन बिछाने का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। खुदाई के कारण फिलहाल मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा है, लेकिन स्थानीय लोग इस असुविधा को भविष्य की सुविधा के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसार, बारिश के दिनों में कॉलोनी की सड़कों पर पानी भर जाता था, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती थी और कई बार घरों में भी पानी घुस जाता था। इसके चलते लोगों को गंदगी, मच्छरों और बीमारियों का सामना करना पड़ता था।नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि अंडरग्राउंड नाले के निर्माण के बाद पानी की निकासी बेहतर होगी और जलभराव की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल्द से जल्द लोगों को राहत मिल सके।निर्माण कार्य शुरू होने से कॉलोनीवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि इस योजना के पूर्ण होने के बाद सुभाषपुरम कॉलोनी में साफ-सफाई और यातायात की स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा।

साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था होगी सुगम

नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि अंडरग्राउंड नाले के निर्माण के बाद पानी की निकासी बेहतर होगी और जलभराव की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। लोगों को राहत मिल सके। निर्माण कार्य शुरू होने से कॉलोनीवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि इस योजना के पूर्ण होने के बाद सुभाषपुरम कॉलोनी में साफ-सफाई और यातायात की स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा।

धूमधाम से मनाया जन्म कल्याण दिवस

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

शहर में 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर श्रीजी कॉलोनी नई बस स्टैंड के पीछे सागर बाईपास रोड पर आज जन्म कल्याण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीजी कॉलोनी में पंचकल्याणक महोत्सव का तृतीय दिवस जन्म कल्याणक के रूप में मनाया गया है। प्रात: 7.20 बजे भगवान का जन्मोत्सव हुआ तथा प्रात: 8.00 बजे से भव्य जन्म जुलूस प्रारंभ हुआ यह जुलूस पंडाल से शुरू होकर अंबेडकर चौराहे तक पहुंचा एवं वहाँ से पुन: पंडाल में वापस आया आयोजित भव्य पंचकल्याणक महा महोत्सव के अंतर्गत आज भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक दिवस अत्यंत उल्लास, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

लोगों की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ प्रारंभ

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छता सर्वेक्षण सफ़ाई अभियान के तहत संयुक्त कार्यालय एवं परिसर मे विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नगर पालिका सफाई कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त कार्यालय भवन एवं परिसर की गहन सफाई की गई व सफाई तुरंत बाद कचरा उठवाया गया साथ कार्यालय में आने जाने वालों के लिये पेयजल को दृष्टिगत रखते हुये संयुक्त कार्यालय परिसर में प्याऊ प्रारंभ की गई।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री श्रोत्रिय ने परिसर में गंदगी देख नाराजगी जताते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत परिसर की साफ-सफाई की गई तथा नालियों में जमे कचरे को साफ कराया गया तथा कचरे का निस्तारण किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिसर की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए।